मैं आई तेरे दरबार

हो मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी....

नाम तुम्हारा भोला भाला,
सारी दुनिया की हो सुणने आला,
तुम मेरी भी सुणो पुकार शंकर भोले जी,
मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी....

फूल चढ़ाऊँ भोले फल मैं चढ़ाऊँ,
काचे दूध तै तने नहवाऊं,
तुम मेरा भी करो सुधर शंकर भोले जी,
मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी.....

देसी घी की हो ज्योत जगाऊं,
हर दम तेरा हो ध्यान लगाऊं,
मेरी नैया कर दो पार शंकर भोले जी,
मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी....

सबके दुखड़े ओ मेटण आले,
सब संकट नै ओ काटण आले,
मेरा कर दो बेडा पार शंकर भोले जी,
मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी....

दूर तुम्हारा ओ धाम द्वारा,
पूजण नै जावे जग यो सारा,
तेरे सिर गंगे की धार शंकर भोले जी,
मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी....

जय भोले ओ मनै दे दे दर्शन,
मेरी आत्मा होज्या प्रसन्न,
मेरा कर दो बेडा पार शंकर भोले जी,
मैं आई तेरे दरबार शंकर भोले जी,
हो शंकर भोले जी.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28348/title/main-aayi-tere-darbaar

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |